अमृत महोत्सव पर बिखरी देशभक्ति की स्वर लहरियां

उदयपुर, (कासं)। स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम दौरान शुक्रवार को सामूहिक देशभक्ति गीत गायन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार उदयपुर के जिला मुख्यालय पर आयोजित इस विशाल कार्यक्रम का साक्षी बना रेलवे ट्रेनिंग ग्राउंड। तिरंगी आभा से सुशोभित इस मैदान में हजारों युवाओं ने एक सुर में 16 मिनट की अवधि में विभिन देशभक्ति गीतों का गायन कर राष्ट्रभक्ति का अनूठा परिचय दिया। देशभक्ति गीत गायन का शुभारंभ वंदे मातरम राष्ट्रगीत के साथ हुआ इसके बाद सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा,, आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की, विजय विश्व तिरंगा प्यारा-झण्डा ऊंचा रहे हमारा और राष्ट्रगान के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा, संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट व जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने किया। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा, जिला परिषद सीईओ मयंक मनीष, अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन ओपी बुनकर, महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक पंकज शर्मा, समाजसेवी लक्ष्मीनारायण पंड्या, विवेक कटारा, एसीईओ विनय पाठक सहित विभिन्न पार्षदगण व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक एंजीलिका पलात, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पुष्पेंद्र शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र यादव, जिला खेल अधिकारी शकील हुसैन, रेजिडेंसी प्राचार्य रंजना मिश्रा सहित विभिन्न विद्यालयों के संस्था प्रधान, शारीरिक शिक्षक अन्य स्टाफ सदस्य, हजारों की संख्या में आए निजी व राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों की अहम भूमिका रही।

जिला कलैक्टर ताराचंद मीणा के निर्देशन में जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट परिसर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन ओ.पी.बुनकर व एसीईओ विनय पाठक की उपस्थिति में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कार्मिकों ने देशभक्ति गीत का गायन किया। वहीं जिले भर में विभिन्न उपखण्ड व ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित हुए।

बांसवाड़ा : आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के तहत राज्य में एक समय में एक ही साथ एक करोड स्कूली छात्र छात्राओं ने राष्ट्रगान सहित देशभक्ति गीत गाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना इतिहास रचने में जिले ने अपनाा योगदान दिया। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कुशलबाग मैदान में नगरीय क्षेत्र के 35 सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के 6 हजार 51० स्कूली बच्चों ने एक साथ एक ही समय में देशभक्ति गीतों का एक स्वरों में सामूहिक गान कर मैदान को देशभक्ति के तरानों से गूंजा दिया। प्रातरू 1०रू15 बजे से 1०रू4० तक स्कूली छात्र छात्राओं ने 25 मिनट तक राष्ट्रगान सहित राष्ट्रभक्ति के 6 गीत एक सुर में गाए। राष्ट्रगीत वंदे मातरम से शुरू हुए गायन समारोह में सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा, आओ बच्चों तुम्हे दिखाएं झांकी हिन्दुस्तान की, झण्डा ऊंचा रहे हमारा और हम होंगे कामयाब... की समवेत प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। समापन राष्ट्रगान से हुआ। समारोह में प्रदेश के ऊर्जा व जिले के प्रभारी मंत्री भवंर सिंह भाटी, उप जिला प्रमुख डॉ विकास बामनिया, नगरपरिषद सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी, जिला कलक्टर प्रकाशचन्द्र शर्मा, जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा, उपखण्ड अधिकारी प्रकाशचन्द्र रेगर, गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक रमेश पण्डया, सह संयोजक विकेश मेहता सहित जिला स्तरीय अधिकारी, शिक्षाधिकारी, विद्यालयों से आएं शिक्षक- शिक्षिकाएं व बडी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। इस अवसर पर ऊर्जा राज्य मंत्री भाटी ने आजादी में बलिदान देने वाले शहिदों को नमन करते हुए कहा कि शहिदों के बलिदान व संघर्ष से हमें आजादी मिली है। उन्होंने आजादी के 75 वर्ष की इस पावन समय पर शुभकामनाएं देते हुए बच्चों से कहा कि वे अधिक से अधिक शिक्षार्जन कर देश का नाम रोशन करे और देश की सेवा व विकास में अपना अमूल्य योगदान दे। उन्होंने प्रशासन द्वारा आयोजित भव्य समारोह की प्रशंसा करते हुए कहा कि लाखों बच्चों ने एक ही समय में देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन का रिकार्ड कायम कर अपनी देशभक्ति का परिचय देते हुए कीर्तिमान स्थापित करने में अपना योगदान दिया।

82 कोरोना संक्रमित मिले

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर जिले में शुक्रवार को भी कोरोना का प्रकोप जारी रहा जहां 82 कोरोना संक्रमित चिन्हित किए गए।

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. एस. एल. बामनिया के अनुसार शुक्रवार को मिली 989 सेम्पल्स की रिपोर्ट्स में 82 कोरोना संक्रमित पाए गए। इन संक्रमितों में 51 शहरी क्षैत्र से , 31 ग्रामीण क्षैत्र से है। संक्रमितों में 2 कोरोना वारियर्स भी शामिल है। डा.बामनिया ने बताया कि जिले में अब कोरोना संक्रमित एक्टिव रोगियों की संख्या 438 हो गई है। इनमें से 435 होम आइसोलेशन में है।

गिट्स में धूमधाम से मनाया पुस्तकालय दिवस

उदयपुर, (कासं)। पुस्तको के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक उदयपुर में फेकल्टी एवं स्टॉफ मेम्बर्स द्वारा धूमधाम से पुस्तकालय दिवस मनाया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. विकास मिश्र ने पदम् श्री से सम्मानित प्रो. एस. आर. रंगनाथन के योगदान को याद करते हुए कहा कि मनुश्य के सच्चे साथी पुस्तके ही हैं। मनुश्य के षरीर में जो स्थान हृदय का है वहीं स्थान शिक्षण संस्थान में लाइब्रेरी का हैं। रंगनाथन के अथक प्रयास का ही नतीजा हैं कि लाइब्रेरी सांइस भारत सहित पुर विश्व में अपनी महत्ता हासिल कर रहा हैं। निदेषक आई.क्यू.ए.सी. डॉ. सुधाकर जिंदल ने पाठको के जीवन में पुस्तकालय के महत्व पर प्रकाष डालते हुए कहा कि पुस्तको में छिपे ज्ञान का लाभ उठाकर विद्यार्थी तथा षिक्षक दोनों ही अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। एम.बी.ए. निदेषक डॉ. पी.के. जैन ने कहा कि पुस्तकालय के अधिकतम उपयोग से ही युवाओं का भविष्य सुनहरा होगा क्योंकि पुस्तकालय सूचना एवं ज्ञान का संग्रह होते हैं। कार्यक्रम के संयोजक एवं लाइब्रेरी विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराग पालीवाल के अनुसार डिजीटल बुक के इस दौर में भी लाइब्रेरी का अपना एक प्रमुख स्थान हैं।

सार-समाचार

चोरी करने वाली गैंग का खुलासा

उदयपुर, (कासं)।सलूम्बर कस्बे में स्थित मंदिरों का ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चोरी करने वाली गैंग का पुलिस ने खुलासा करते हुए इस मामले में नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने पैतीस से अधिक वारदाते करना स्वीकार किया। प्रकरण के अनुसार सलूम्बर कस्बे के सेरिया गांव में स्थित जैन मंदिर से 18 व 19 जुलाई रात में अज्ञात चोर तालात तोड़ कर दानपेटी से नकदी चुरा ले गए थे। इस पर सेरिया निवासी सोहन पुत्र देवचंदर जोशी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी थी। इसी तरह 26 व 27 जुलाई रात में जावद स्थित जैन मंदिर का अज्ञात चोर ताला तोड़ कर अष्ट धातु की पांच प्रतिमाएं, चांदी के दो किलो वजनी तीन छत्र, आभामण्डल, कलश व दान पेटी से नकदी चोरी की वारदात कर फरार हो गए थे। इस मामले में जावद निवासी मदनलाल पुत्र धुलचंद जैन ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी थी। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश सांखला, पुलिस उप अधीक्षक सलूम्बर सुधा पालावत के सुपरविजन में सलूम्बर थानाधिकारी अजयसिंह राव के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल देवीदयाल, विक्रमसिंह, भेरूलाल, अशोक, कांस्टेबल कैलाश कुमार, अशोक कुमार, भारत राजसिंह, गोपाल कृष्ण, पुष्कर, ताहिर अहमद, अशोक हेमेन्द्रसिंह, हर्षवर्धनसिंह, लोकेश एवं साईबल सेल के लोकश रायकवाल मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर गावड़ापाल जेलावत फला निवासी सुरेश उर्फ हुरजा पुत्र देवा मीणा, सोहन उर्फ सोमिया पुत्र देवा मीणा, धन्ना उर्फ धनराज पुत्र धर्मा मीणा, लालूराम उर्फ नाका पुत्र गोता मीणा, प्रभू पुत्र गौता मीणा, राजु उर्फ रजिया पुत्र भगवाना मीणा, रतिया उर्फ रतनलाल पुत्र भगवाना मीणा, वाजुआ फला गींगला निवासी दिनेश पुत्र नगा मीणा, गांवड़ा पाल चोकवाड़ा निवासी नरेश पुत्र मोता को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वारदात करने से पूर्व रैकी करते एवं वारदात करने से पूर्व कूछ दूरी पर बाइक खड़ी कर पैदल पैदल पहुंच कर वारदात को अंजाम देकर बाइक से फरार हो जाते।

जेवर लूटने का आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। गोगुन्दा कस्बे के मजावद गांव निवासी वृद्धा की हत्या कर जेवरात लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए इस मामले में मृतका के पड़ोसी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 8 अगस्त को गोगुन्दा कस्बे के मजावद गांव निवासी बगुबाई (75) की अज्ञात आरोपी हत्या कर उसके पांव से चांदी के कड़े, कान के टॉप्स, एवं पैटी से जेवरात चुरा ले गया था। सूचना मिलने पर थानाधिकारी दलपतसिंह मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर देखा तो मृतका के ललाट, सीर पर कुदाली की मुंद से चोट के निशान पाए गए तथा उसके जेवरात नहीं थे, कमरे में रखी पेटी का ताला टूटा हुआ व सामान गायब था। इस मामले में एफएसएल व डॉग स्कवायड़ टीम ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक साक्ष्या जुटाए। इधर सूचना मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया, पुलिस उप अधीक्षक भूपेन्द्रसिंह के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी दलपतसिंह राठौड़ के नेतृत्व में एएसआई रणजीतसिंह, हेडकांस्टेबल हरिसिंह, राजेश, वर्दीसिंह, कांस्टेबल सुरेन्द्र, परमार, सुनिल मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर हत्या करने के आरोपी मृतका के पड़ोसी मुकेश पुत्र रतनलाल सुथार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जिसे रिमाण्ड पर लिया। पुलिस ने आरोपी से टोटिया व बालीयां बरामद की। पूछताछ में पता चला कि आरोपी मुकेश बगूबाई के मकान के मकान में रहता था। जो सुथारी काम करता था एवं आर्थिक तंगी से परेशान था। गत दिनों किसी कारण से कर्जा होने पर पिता ने दो लाख में जमीन को गिरवी रखा था। नकदी से एक बुलट खरीद लाया था जिसे भी उसने गिरवी रख दिया था। गत एक माह से वह होटल पर काम करता था। बगूबाई के संबंध में पूरी जानकारी होने पर 8 जुलाई सवेरे वारदात करने के बाद गोगुन्दा में दुकान से एक जोड़ी कपड़े खरीद कर जेवरात बेचने का प्रयास किया

सड़क हादसे में भाई-बहन की मौत

उदयपुर, (कासं)। बैकरिया थाना क्षैत्र हाइवे पर अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार भाई बहन की मौत हो गई तथा राह चलते दो जने घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैकरिया थाना क्षैत्र राष्ट्रीय राजमार्ग पिलका कट पर शुक्रवार सवेरे अज्ञात कार की चपेट में बाइक की चपेट में आने से पिलका गांव निवासी हुंसाराम पुत्र पीथाराम गरासिया तथा सुमाली कुमारी पुत्री पिथाराम की मौत हो गई तथा पिलका गांव निवासी आखिल कुमार तथा सवराम घायल हो गए। सवेर हुसाराम व सुमाली बाइक पर गांव से बैकरिया की तरफ जा रहे थे। एवं अखिल व सवराम पैदल सड़क पार कर रहे थे। इस दौरान उदयपुर से बैकरिया की तरफ जा रही कार बाइक को व राह चलते दोनों व्यक्तियों को चपेट में लेने के बाद हादसे को देख चालक कार लेकर फरार हो गया। जिससे हुंसा व सुमाली की मौके पर ही मौत हो गई तथा शेष जने घायल हो गए। सूचना मिलने पर एएसआई गेहरीलाल ने मौके पर पहुंच कर मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौप दिया।

नदी में बहने से किशोर की मौत

उदयपुर, (कासं)। जिले के माण्डवा थाना क्षैत्र में नदी पार करते समय पानी में डूबने से किशोर की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार दोपहर में बैकरिया थाना क्षैत्र कालाखेतरा गांव रोड़ पर नदी पार करते समय सायरा हॉल काला खेतरा निवासी नारायण (15) पुत्र बिहारी लाल ब्राम्हण की मौत हो गई। घटना स्थल पर पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा था एवं पानी निकासी के लिए पाईप लगा रखा था। घटना वाले दिन नारायण नदी पार कर रहा था। इस दौरान वह पानी में डूबने से पाईप में फंस गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

किसान ने की आत्महत्या

उदयपुर, (कासं)। माण्डवा थाना क्षैत्र में किसान ने पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार गुरूवार रात में माण्डवा थाना क्षैत्र जेड़ गांव निवासी रामा (45) पुत्र वैसा बुमड़िया ने आम के पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। रामा खेती करता था रात में मकान के पास स्थित पेड़ पर फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक को निचे उतार पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

'संस्कृत अमृतवाणी व अमूल्य ज्ञान का भंडार'

उदयपुर, (कासं)। संस्कृत भारती द्वारा संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को शोभागपुरा स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में श्लोक प्रतियोगिता हुई जिसका शुभारंभ दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्राचार्य संजय नरवारिया ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। अध्यक्षता संस्कृत संभागीय शिक्षा अधिकारी भगवती शंकर व्यास ने की।

डीपीएस प्राचार्य संजय नरवारिया ने संस्कृत को अमृतवाणी बताते हुए अमूल्य ज्ञान का भंडार बताया। डीपीएस प्रधानाध्यापक राजेश धाबाई ने भी छात्रों को संस्कृत के महत्व के साथ संस्कृत के आचरण पर प्रोत्साहित किया। साथ ही अध्यक्षता कर रहे भगवती शंकर व्यास ने छात्रों को दैनिक जीवन मे संस्कृत शब्दो को आचरित कर व्यवहार में लाने पर बल दिया। संयोजक व प्रान्त प्रचार प्रमुख डॉ यज्ञ आमेटा ने बताया की यह प्रतियोगिता कनिष्ठ(कक्षा 6से 8) व वरिष्ठ(कक्षा 9 से महाविद्यालय:) दो वर्गो मे आयोजित हुई, जिसमे छात्रों द्वारा कनिष्ठ वर्ग में 3 व वरिष्ठ वर्ग में 6 श्लोक का सस्वर छंद बद्ध पाठ किया। उन्होंने बताया कि दोनों वर्गो में विभिन्न विद्यालयो से कुल 88 प्रतिभागियों ने रुचि उत्साह से भाग लिया।उन्होंने बताया कि संस्कृत श्लोक पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक पंडित व संस्कृत स्कॉलर रवि सुखवाल थे व संस्कृतभारती के महानगर शिक्षण प्रमुखा डॉ रेनू पालीवाल रहे। प्रतियोगिता का संचालन महानगर प्रचार प्रमुखा रेखा सिसोदिया ने किया।

उदयपुर में आसोलिया का किया अभिनंदन

उदयपुर, (कासं)। एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्राध्यापक गोपाल सिंह आसोलिया द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुवेरी में पिछले 3 वर्षों के दौरान की गई उल्लेखनीय सेवाओं के लिए संस्था प्रधान तथा समस्त विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। वहीं दूसरी ओर संयुक्त निदेशक एंजेलिका पलात के निर्देशन में इंदिरा सिसोदिया, पूनम सक्सेना , राजेंद्र त्रिपाठी ,सुशील कुमार गुप्ता ,विजय सारस्वत, आदि अधिकारियों, एकीकृत के प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण जोशी, लक्ष्मण दास वैष्णव, घनश्याम खटीक ने इस वर्ष का भी लगातार 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर सम्मान किया गया इससे कुछ दिनों पूर्व ही राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्राध्यापक राव गोपाल सिंह आसोलिया का संस्था प्रधान सहित समस्त विद्यालय परिवार की ओर से पिछले 5 वर्षों के गुणात्मक दृष्टि से शत-प्रतिशत एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं उनके द्वारा विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में एमसीएमसी मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी प्रकोष्ठ में उल्लेखनीय सेवाएं जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग के बीच मुख्यमंत्री हेल्पलाइन समन्वय अधिकारी के रूप में उल्लेखनीय कार्य हेतु कार्य हेतु अभिनंदन एवं स्वागत किया गया।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक:-पं.6 आब/डोपो/चित्तौड़/2021-22/296 **दिनांक:-12.08.2022**

अफीम काश्तकारों के लिये विशेष सूचना

जिला चित्तौड़गढ़ के अफीम काश्तकारों को सूचित किया जाता है कि:-

1. **भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 01.04.2016 से चिरे हुये डोडा पोस्त का मानवीय उपयोग अथवा बिक्री पूर्णतया प्रतिबन्धित है। अत: किसी भी प्रकार से डोडा पोस्त का उपयोग करना अथवा विक्रय करना गैर कानूनी है।**
2. **सभी अफीम काश्तकारों द्वारा चिरे हुये डोडा पोस्त बाबत राजस्थान एन.डी.पी.एस.नियम 1985 के तहत् निर्धारित प्रारूप में घोषणा पत्र जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है। इसलिये सभी अफीम काश्तकार अपने पास उत्पादित एवं संग्रहित सम्पूर्ण चिरे हुये डोडा पोस्त बाबत सूचना तत्काल जिला आबकारी अधिकारी के प्रतिनिधि संबंधित वृत के आबकारी निरीक्षक को देवें तथा आबकारी निरीक्षक, जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक तथा नारकोटिक्स विभाग के प्रतिनिधियों (नारकोटिक्स विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित हो अथवा नहीं) की समिति के पर्यवेक्षण में नष्टीकरण की कार्यवाही करावें।**
3. **प्रत्येक अफीम काश्तकार को उत्पादित चिरे हुये डोडा पोस्त बाबत एक विवरणिका निम्न प्रारूप में संबंधित आबकारी निरीक्षक को प्रस्तुत करनी होगी।**

-:: प्रारूप ::-

अफीम काश्तकार का नाम .....पिता का नाम .....गांव का नाम .....तहसील .....जिला .....अफीम काश्त हेतु स्वीकृत पट्टे का क्रमांक .....दिनांक .....

अफीम काश्त हेतु आवंटित रकबे का विवरण

क्र. सं.	खसरा नं.	कुल आवंटित रकबा (हेक्टेयर में)	हंकवाया गया रकबा (हेक्टेयर मे)	शुद्ध अफीम काश्तरकबा (हेक्टेयर में)	डोडा पोस्त का वास्तविक उत्पादन (किग्रा में)	प्रारूप सी के अनुसार डोडा पोस्त की घोषित मात्रा (किग्रा में)	समिति के पर्यवेक्षण में नष्ट की गई मात्रा (किग्रा में)	अवशेष डोडा पोस्त की मात्रा (किग्रा में)

मैं यह प्रमाणित करता हूं कि उपरोक्त विवरणिका पूर्ण सत्य एवं सही है। यह विवरणिका गलत पाये जाने पर मेरे विरूद्ध एन.डी.पी.एस.एक्ट 1985 के तहत कार्यवाही हेतु उत्तरदायी रहूंगा।

स्थान :- **हस्ताक्षर अफीम काश्तकार**

दिनांक :-

4. **चिरे हुये डोडा पोस्त बाबत काश्तकार द्वारा आबकारी विभाग को निर्धारित प्रारूप में सूचना नहीं देने अथवा डोडा नष्टीकरण हेतु राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के पर्यवेक्षण में उत्पादित एवं संग्रहित सम्पूर्ण डोडा चूरा को नष्ट नहीं करवाने अथवा वांछित विवरणिका प्रस्तुत नहीं करने पर संबंधित अफीम काश्तकार के विरूद्ध एन.डी.पी.एस.एक्ट 1985 के तहत मुकदमा दर्ज कर नारकोटिक्स विभाग को संबंधित किसान के पट्टे को निरस्त की कार्यवाही बाबत सूचित किया जायेगा।**
5. **सभी अफीम काश्तकारों को सूचित किया जाता है कि किसी भी प्रकार के सरकारी/गैर सरकारी /काश्तकार/अफीम मुखिया (लम्बरदार) आदि किसी भी व्यक्ति के द्वारा यदि निस्तारण समिति के सदस्यों के नाम से अथवा समिति सदस्यों द्वारा भी डोडा चूरा निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार की अवांछित राशि की मांग की जाती है तो तुरन्त संबंधित भ्रष्टाचार निरोधक विभाग को सूचित करें।**

जिला आबकारी अधिकारी, चित्तौड़गढ़